गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर फार्म पोस्ट–हल्दी

जिला–ऊधम सिंह नगर, पिन– 263145

निविदा–प्रपत्र

निविदा संख्या......................	:	निविदा शुल्क ₹ 2000.00 +18%जी0एस0टी0
निविदा फार्म मुख्यालय से प्राप्त करने की तिथि व समय	:	दिनांक 14.08.2023 से 28.08.2023 तक सांय 4.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय	:	दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि व समय	:	दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह् 3.00 बजे

विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्रों के लगभग 200 एकड़ भूमि पर बाह्य ठेकेदार द्वारा लगभग 2.00 लाख यूकेलिप्टिस के पौधो की रोपाई का कार्य :–

क्र0सं0	कार्य का विवरण	क्षेत्रफल(लगभग)	दर प्रति पेड़ (अंको एवं शब्दों में)
1	विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्रों पर बाह्य ठेकेदार द्वारा लगभग 2.00 लाख यूकेलिप्टिस के पौधो की रोपाई का कार्य	200 एकड़ में लगभग 2,00,000 लाख पेड़	

मैंने निविदा की शर्तो का अध्ययन कर लिया है व सभी शर्ते मान्य है। धरोहर धनराशि ₹ .... बैंक ड्राफ्ट नं0 ....दिनांक......................................के द्वारा जमा कर दिया है जो इस निविदा के साथ संलग्न है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

ड्राफ्ट नं0 ....

दिनांक..

धनराशि ₹ ....

निविदादाता के हस्ताक्षर..

पूरा नाम...

ग्राम ....

पो0 ....

तह0...........................जनपद...............................

पिन...........................दूरभाष...............................

बैक का नाम एवं खाता संख्या ....

आयकर पैन0 नं0.......................आधार कार्ड नं0 ....

विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्र की लगभग 200 एकड़ भूमि पर बाह्य ठेकेदार द्वारा यूकेलिप्टिस (लगभग 2.00 लाख) पौधो की रोपाई का कार्य

निविदा की शर्तें

1. निविदायें दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक फार्म मुख्यालय हल्दी में रक्षित पेटी में जमा करनी होगी, जो दिनांक 29.08.2023 को अपरान्ह् 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि ₹ 30,000.00 (₹ तीस हजार मात्र) वापसी योग्य का बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा पत्र जो (गो0ब0पन्त एवं कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फार्म खाता) के नाम देय हो जमा करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी।
3. सफल निविदादाता द्वारा यूकेलिप्टिस के वृक्षो के रोपण हेतु पंक्ति से पंक्ति की दूरी 3.50 मीटर और पौधे से पौधे की दूरी 1.25 मीटर तथा गहरायी 6"–12" (इन्च) रखना अनिवार्य होगा।
4. विश्वविद्यालय फार्म द्वारा यूकेलिप्टिस के वृक्षों के रोपण हेतु पौधो और गड्ढ़ो के कीटनाशन उपचार हेतु सफल निविदादाता को उपलब्ध करायी जायेगी।
5. सफल निविदादाता द्वारा यूकेलिप्टिस के वृक्षो के रोपण का सम्पूर्ण कार्य दिनांक 31.10.2023 तक (अपरिहार्य परिस्थितियो को छोड़कर) पूर्ण करना आवश्यक होगा।
6. सफल निविदादाता द्वारा वृक्षो के रोपण का कार्य पूर्ण होने तक सिंचाई एवं रख–रखाव का कार्य स्वयं करना होगा।
7. यूकेलिप्टिस के पौधो के रोपण हेतु फावड़े, खुरपी एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था सफल निविदादाता द्वारा स्वंयं अपने स्तर पर करनी होगी।
8. सफल निविदादाता को कार्य पूर्ण होने के एक माह उपरान्त जीवित वृक्षो की संख्या के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
9. सुरक्षा धनराशि जमा न कराये जाने के सम्बन्ध में सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगी।
10. निविदादाताओं को प्रस्तुत निविदा के अनुसार विश्वविद्यालय फार्म की आवश्यकतानुसार कार्य कराना होगा। उपरोक्त कार्य मॉग के अनुसार न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय फार्म को होने वाली क्षति का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का होगा। इसके साथ ही धरोहर राशि भी जब्त की जा सकती है।
11. सम्बन्धित ठेकेदार या उसके प्रतिनिधि के द्वारा विश्वविद्यालय फार्म की किसी चल/अचल सम्पत्ति को हानि होती है तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
12. यदि सम्बन्धित ठेकेदार ठेका लेने के उपरान्त कार्य करने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी एवं उसके विरूद्ध क्षतिपूर्ति हेतु विधिक कार्यवाही की जायेगी।
13. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी (कुलपति जी) पर निहित होगा। किसी तरह के विवाद का निर्णय लेने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी को होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।
14. निविदा में उल्लिखित कार्य कराये जाने एवं न कराये जाने का पूर्ण अधिकार मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म को होगा।
15. सम्बन्धित ठेकेदार को उपरोक्त कार्य कराये जाने वाले प्रक्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित होना आवश्यक है।
16. निविदादाता द्वारा अपना आधार कार्ड, पैन नं0 एवं बैंक खाता सं0 का उल्लेख करना होगा तथा साथ ही निविदा प्रपत्र के साथ स्वंय सत्यापित छायाप्रति भी संलग्न करना आवश्यक होगा।

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सभी शर्तें (क्र0सं0–01 से 16 तक) पढ़ ली गयी है तथा वह मान्य है।

निविदा निर्गत अधिकारी के हस्ताक्षर

निविदादाता के हस्ताक्षर